# बड़े तालाब के कैचमेंट से हटाए कब्जे

- बैरागढ़ वृत्त में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई
- अधिकारियों पर भेदभाव करने के लगाए आरोप
- आज होगी सेवनिया गोंड में कब्जे हटाने की कार्रवाई





**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 10 अप्रैल. राजधानी में बैरागढ़ तहसील के हलालपुर क्षेत्र में शुक्रवार को अतिक्रमण विरोधी मुहिम की शुरुआत की गई. यह कार्रवाई बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में शुरू हुई, यहां पर निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा था. शनिवार को सेवनिया गोंड में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी.**

अतिक्रमण हटाने की शुरुआत हलालपुर स्थित स्वागत मैरिज गार्डन के पीछे से शुरू हुई. कार्रवाई के दौरान चार बड़े अतिक्रमणों को हटाया गया. इस दौरान लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया और अधिकारियों पर भेदभाव का आरोप लगाया. लोगों का आरोप था कि यहां पर अन्य निर्माण भी मौजूद हैं, जो कैचमेंट के 50 मीटर के दायरे में हैं, लेकिन प्रशासन केवल 4 अतिक्रमणों को हटा रहा है. इस दौरान तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह ने जवाब दिया कि कैचमेंट में चिन्हित सभी अतिक्रमण जमींदोज होंगे. फिलहाल कुछ लोगों की सुनवाई चल रही है. सुनवाई के बाद इनके अतिक्रमण हटाए जाएंगे. दोपहर 12 से 3 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान एक फार्म हाउस, एक गोदाम व आटोमोबाइल वर्कशॉप सहित चार अतिक्रमण हटाए गए. कार्रवाई के दौरान एसडीएम रविशंकर राय, तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह सहित राजस्व अमला, नगर निगम का अतिक्रमण अमला और पुलिस बल मौजूद था.

बता दें कि इसके पहले 6 अप्रैल को भदभदा चौराहे से प्रेमपुरा तक कैचमेंट में मौजूद 11 अतिक्रमण हटाए गए थे. जबकि सैर सपाटा के किनारे मौजूद झूलों और रेस्टोरेंट को हटाने के भी निर्देश जारी किए गए हैं. वहीं इसके पहले मार्च माह में हलालपुर क्षेत्र से ही एक मैरिज गार्डन की 150 मीटर लंबी बाउंड्रीवॉल, दो गोदाम सहित चार अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं. प्रशासन की कार्रवाई में अब तक कुल 19 अतिक्रमण जमींदोज किए जा चुके हैं. प्रशासन को अगले 15 दिनों में 347 चिन्हित अतिक्रमणों को हटाना है.

> कैचमेंट में अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है. शुक्रवार को हलालपुर क्षेत्र से 4 अतिक्रमण हटाए गए हैं. इसके पहले मार्च में भी 4 अतिक्रमण हटाए गए थे.
>
> **हर्ष विक्रम सिंह,** तहसीलदार, बैरागढ़ वृत्त

### पुलिस की कमी से रुकी थी कार्रवाई

पुलिस बल न होने के कारण पिछले तीन दिनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रुकी हुई थी. शुक्रवार को बल मिलते ही प्रशासन ने हलालपुर क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमणों पर कार्रवाई की. 11 अप्रैल को बैरागढ़ व काशियाना बंगले के आसपास चिन्हित अतिक्रमण हटाए जाएंगे. वहीं 12 अप्रैल को सेवनिया गोंड क्षेत्र में निजी व सरकारी जमीन पर बने अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी.

## 50 इलाकों में आज होगी बिजली कटौती

**भोपाल.** मेंटेनेंस के चलते राजधानी के करीब 50 इलाकों में शनिवार को 5 से 6 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी. बिजली कटौती इस प्रकार रहेगी.

-सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक रजत विहार, लैंड मार्क, वैष्णो परिसर, राधा-कृष्णा इन्क्लेव, भेल संगम टॉवर, लैंडमार्क चौराहा, कृष्णा आर्चेड एवं आसपास के इलाके.

- सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक दानिश हिल्स व्यू-4, आशीर्वाद कॉलोनी, गोल्डन हाइट, बंजारी बस्ती, सागर एन्क्लेव, गुड शेफर्ड कॉलोनी,

-सुबह 10 से शाम 4 बजे तक संजीव नगर, पुलिस हाउसिंग, नयापुरा, नावरी, निशातपुरा, आरिफ नगर, ओम नगर, हलालपुरा बस स्टैंड.

# 5 बसों पर 1 लाख 7 हजार रु. किया जुर्माना

- 1 बस जब्त और दो का फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त
- देर रात तक आरटीओ ने की कार्रवाई



**नवभारत संवाददाता**

भोपाल, 10 अप्रैल. राजधानी भोपाल में जिला परिवहन अधिकारी ने अपने दल के साथ गुरुवार शाम से देर रात्रि तक बसों की चैकिंग की. यह चैकिंग आईएसबीटी बस स्टैंड पर की गई. जिन बसों की जांच की गई, वे सभी भोपाल से दूसरे जिलों होशंगाबाद, बैतूल, रायसेन, जबलपुर सहित अन्य मार्गों पर संचालित की जाती है.

परिवहन अधिकारी और कर्मचारियों ने दो दर्जन से अधिक बसों के परमिट, किराया सूची, फिटनेस प्रमाण-पत्र सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की. इस दौरान पांच बसों से 1 लाख 7 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया. परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बसों में सीट, खिड़की, दरवाजे जैसी कमियां होने से यात्रियों के साथ दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है.साथ बस के दरवाजे के पास या अंदर किराया सूची चस्पा न होने पर यात्रियों के साथ अधिक किराया वसूले जाने की आशंका रहती है. कार्रवाई आगे भी करते रहेंगे.

### इन कमियों की वजह से किया जुर्माना

2 बसों पर परमिट की शर्तो का उल्लंघन, 3 बसों में किराया सूची चस्पा न होने से जुर्माना किया गया. इसके अलावा दो बसों के खिड़की, इमरजेंसी दरवाजे जैसी अन्य कमियां मिलने पर उनका फिटनेस प्रमाण-पत्र निरस्त किया गया. इसके अलावा एक बस को परमिट न मिलने पर जब्त किया गया.

# वकीलों ने थाने के सामने किया प्रदर्शन

- वकील से ढाई तोले सोने की चेन लूटने का मामला




**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 10 अप्रैल. राजधानी में शुक्रवार को जिला न्यायालय के वकीलों ने हबीबगंज थाने के सामने प्रदर्शन किया. जिसमें सैकड़ों की संख्या में वकील पहुंचे. यह प्रदर्शन वकील सिकंदरसिंह राजपूत के साथ लूट की घटना को लेकर किया गया.**

वकीलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को घर की रसोई होटल संचालक से खाना पार्सल कराने गया था, उसी दौरान पार्सल को लेकर विवाद हुआ था. इसी दौरान होटल के संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर वकील से साथ मारपीट कर गले सोने की चेन लूट की घटना को अंजाम दिया. जिसका वजन 2.5 तोला था. जिसकी शिकायत हबीबगंज थाने की गई थी जिस पर कोई कार्रवाई न होने सेसे नाराज जिले के वकीलों ने प्रदर्शन कर घेराव किया. प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने होटल संचालक पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की.

## 91 केंद्रों पर हो रही है गेहूं की खरीदी

**भोपाल, 10 अप्रैल.** जिले के किसानों से 91 उर्पाजन केंद्रों पर गेहूं की खरीदी जारी है. जिले के 447 किसान गेहूं का विक्रय कर रहे हैं. जबकि गुरुवार तक 7500 किसानों के पंजीयन हो चुके हैं. दो दिन में 3.5 करोड़ रुपये की शासन ने किसानों से गेहूं की खरीदी की है. शुक्रवार को बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा ने बैरसिया में दो वेयर हाउस का निरीक्षण किया. इसमें बर्री गांव स्थित सोनिका वेयर हाउस और दामखेड़ा बैरसिया का महावीर वेयर हाउस में व्यवस्थाएं देखीं.

जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने भी खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया.

# हज यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन

- मक्का में धर्मशाला बंद होने से बढ़ा आर्थिक बोझ
- मप्र से इस साल जा रहे हैं करीब 8 हजार हज यात्री




**भोपाल, 10 अप्रैल. हज यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग औकाफ-ए-शाही कार्यालय पहुंचे, जहां प्रदर्शन किया गया. मक्का-मदीना की रुबात ( धर्मशाला ) बंद होने से हाजियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है.**


इस अवसर पर चेतावनी दी गई कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा. मप्र से हज यात्रा के लिए इस साल करीब 8 हजार लोग से जा रहे हैं. प्रदर्शन के दौरान लोगों ने पोस्टर और बैनर लेकर नारेबाजी की. इस असवर पर सरवर जहां ने कहा कि पिछले कई वर्षों से भोपाल के हाजी रुबात सुविधा से वंचित हैं.

## प्रदेश के विद्यार्थियों ने नागालैंड का किया भ्रमण

**भोपाल.** एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम अंतर्गत मप्र एवं नागालैंड के बीच सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक समन्वय को बनाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों ने 1 से 7 अप्रैल के बीच नागालैंड का भ्रमण किया. इससे प्रदेश के विद्यार्थियों को उत्तर-पूर्व भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं जीवनशैली को देखा. अब तक इस कार्यक्रम में 4 दलों को नागालैंड भ्रमण के लिए भेजा जा चुका है. विभाग द्वारा पहली बार इस तरह की पहल शुरू की गई है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया.

# डायल-112 टीम ने सूखे कुएं से नवजात को निकाला

- विदिशा जिले के कुरवाई थाना क्षेत्र का मामला
- बच्ची को तुरंत शासकीय अस्पताल पहुंचाया




**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 10 अप्रैल. त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई का परिचय देते हुए डायल-112 के जवानों ने विदिशा जिले के कुरवाई थाना क्षेत्र में सूखे कुएँ में परित्यक्त अवस्था में मिली नवजात बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचाई और समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई.** 10 अप्रैल को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि ग्राम परसरी में एक सूखे कुएँ में अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोड़ी गई नवजात बच्ची पड़ी है. सूचना मिलते ही डायल-112 की एफआरवी को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया. मौके पर पहुंचे आरक्षक नेतराम अहिरवार और पायलट नरेंद्र दांगी ने बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला और तुरंत शासकीय अस्पताल कुरवाई पहुँचाया.

प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर किया गया. यह घटना डायल-112 जवानों की सतर्कता और मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती है तथा कमजोर और जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षा के प्रति मध्यप्रदेश पुलिस की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.

# प्रतिबंधित पॉलीथीन बेचने वालों पर किया जुर्माना

- नगर निगम ने विभिन्न इलाकों में की कार्रवाई



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 10 अप्रैल. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शुक्रवार को गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित पॉलीथीन विक्रेताओं व गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की.**

इस दौरान जोन क्र. 13 में प्रतिबंधित पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही में 7 प्रकरणों में 1 हजार 900 रुपए तथा गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के 26 प्रकरणों में 2 हजार 600 रुपए की राशि जुर्माना/स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की. दूसरी कार्रवाई में 3 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त की. जोन क्र. 14 में प्रतिबंधित पॉलीथीन के 36 प्रकरणों में 4 हजार 500 रुपए की राशि वसूल की एवं 2 किलो 500 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन/जब्त किया. जोन क्र. 15 में सिंगल यूज प्लास्टिक 9 प्रकरणों में 5 हजार 200 रुपए और गंदगी फैलाने के 14 प्रकरणों में 8 हजार रुपए का जुर्माना वसूला.

1 किलो 500 ग्राम पॉलीथीन जब्त की. निगम अमले ने जोन क्र. 16 में प्रतिबंधित पॉलीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक के 25 प्रकरणों में 11 हजार 700 रुपए की राशि वसूल की तथा गंदगी फैलाने के 8 प्रकरणों में 800 रुपए की राशि वसूल की और 03 किलो पॉलीथीन भी जब्त की.

## इंजीनियरों की केस स्टडी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

**भोपाल.**मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों द्वारा तैयार एक तकनीकी केस स्टडी प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, वॉटर एंड एनर्जी इंटरनेशनल में प्रकाशित हुई है। इसकी व्यापक सराहना इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र मे देश -विदेश के नामी विशेषज्ञों ने भी की है। एमपी ट्रांसको के इंजीनियर जितेंद्र तिवारी एवं इंजीनियर आशुतोष राय द्वारा तैयार की गई यह स्टडी केस 35 वर्ष से अधिक पुराने ट्रांसमिशन लाइनों में बिजली गिरने से होने वाली समस्याओं के समाधान पर आधारित है.

# जिला पंचायत ने 5 .15 करोड़ का वसूला राजस्व

- फंदा जनपद राजस्व वसूली में प्रदेश में प्रथम रहा



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल: 10 अप्रैल. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इला तिवारी ने पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित की. बैठकों में करों की वसूली के माध्यम से राजस्व को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया.**

पंचायत स्तर पर निवासरत परिवारों, संस्थाओं एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से देय करों की वसूली कराई गई. वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले की सभी ग्राम पंचायतों द्वारा राशि रू. 5.15 करोड़ रुपए का राजस्व वसूला गया. राजस्व की वसूली कर प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, टैक्स सखी एवं ग्राम रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिन्होंने निरंतर प्रयास करते हुए कर संग्रहण को जनअभियान का स्वरूप प्रदान किया.

### टैक्स कलेक्शन में जनपद फंदा शीर्ष पर

फंदा जनपद की सीईओ शिवानी मिश्रा के निर्देशन में 4 .5 करोड़ टैक्स कलेक्शन कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है . फंदा की 5 पंचायतों में बगरोदा में लगभग 27 .92 लाख, मुबारकपुर में 19 .14 लाख, महाबड़िया में 18 .99 लाख, छावनी पठार में 17 .32 लाख एवं झागड़िया खुर्द में 16 .52 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त करने वाली पंचायतों में शामिल है जबकि 96 गाम पंचायतों से कुल 4 .5 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है .

**टीएल बैठक** संभागायुक्त संजीव सिंह ने दिए अधिकारियों को निर्देश

# गैस आपूर्ति व्यवस्था सौ फीसदी दुरुस्त की जाए



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 10 अप्रैल. संभागायुक्त संजीव सिंह ने शुक्रवार को टीएल बैठक की. बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजधानी में आने वाले तीन महीनों में गैस आपूर्ति व्यवस्था सौ फीसदी दुरुस्त की जाए. संबंधित अधिकारी लोगों को पीएनजी कनेक्शन देने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाएं. 75 हजार घरों तक पीएनजी कनेक्शन हो जाने चाहिए.**

उन्होंने कहा कि इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए. इससे भविष्य में लोगों को गैस की किल्लत से नहीं होगी.

संभागायुक्त सिंह ने गेहूं उपार्जन व्यवस्था पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन से जानकारी ली और कहा कि गेहूं खरीदी कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए. खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें. उन्होंने स्पष्ट कहा कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### किसानों का भुगतान समय पर हो

संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी खरीदी केंद्रों पर किसानों की स्लॉट बुकिंग, परिवहन व्यवस्था, पर्याप्त बारदाना उपलब्धता तथा निर्धारित समय-सीमा में भुगतान सुनिश्चित किया जाए. इसके लिए प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए. इसके अलावा बैठक में किसान कल्याण वर्ष 2026 के को देखते हुए किसान कल्याण, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग को विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए.

## 31 आवारा पशुओं को कांजीहाउस भेजा

**भोपाल, 10 अप्रैल.** नगर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों से 31 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा. यह कार्रवाई गोविंदपुरा, विजय मार्केट, अवधपुरी, आधारशिला, बी.डी.ए रोड, सुरभि विहार, बरखेड़ा, सोनागिरी, बैरागढ़, लालघाटी, ईदगाह हिल्स, शाहजहांनाबाद, लिंक रोड नंबर 01, 02, 03, स्मार्ट रोड, माता मंदिर, मंदाकनी परिसर, दानिशकुंज, शाहपुरा आदि क्षेत्रों में की गई. यहां पशु स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे थे. इसके अलावा 03 घायल,बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय आसरा भेजा. हाका पार्टी द्वारा 12 पशुओं को सड़कों से हटाया.

# डॉक्टर से सोने का कड़ा छीनकर भागे बदमाश

- आरोपियों ने टक्कर मारी और आंख में मिर्च झोंकी

**भोपाल, 10 अप्रैल.** आंख में मिर्च झोंकने के बाद बदमाशों ने एक डॉक्टर से हाथ में पहना हुआ 11 तोला वजनी सोने का कड़ा छीन लिया. इस वारदात को दो बाइक सवार बदमाशों ने अंजाम दिया. घटना शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे की है. बताया जाता है कि आरोपियों ने बाइक से उनकी साइकल को टक्कर मारी. इसके बाद आंख में मिर्च झोंक दी. टक्कर लगने से डॉक्टर के पांव में फ्रेक्चर आया है. वे जेपी अस्पताल में भर्ती हैं. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है.आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस ने बताया कि प्रोफेसर कॉलोनी में रहने वाले 50 साल के डॉ. मनोज वर्मा हर रोज सुबह 8 बजे से दस बजे के बीच साइकलिंग करने निकलते हैं. शुक्रवार की सुबह दस बजे किलोल पार्क से दानिश आईस्क्रीम पार्लर के बीच, पीछे से आए दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने उनके साइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया. इसके बाद लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग निकले.